पंजाब केसरी 10/10/2025

# गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में डिजिटल मार्केटिंग पर सात दिवसीय कौशल विकास कार्यक्रम संपन्न

अम्बाला, 9 अक्तूबर (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के सहयोग से डिजिटल मार्केटिंग विषय पर आयोजित सात दिवसीय कौशल विकास कार्यक्रम का वीरवार को समापन हो गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को उद्योग आधारित डिजिटल कौशलों से परिचित कराना एवं उन्हें रोजगारोन्मुख शिक्षा से जोड़ना रहा।



*गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में डिजिटल मार्केटिंग पर आयोजित सात दिवसीय कौशल विकास कार्यक्रम में भाग लेते विशेषज्ञ एवं विद्यार्थी।* (चंद्रमोहन)

सप्ताहभर चले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विद्यार्थियों को एनिमेटेड वीडियो निर्माण, कैनवा टूल्स का प्रयोग, सोशल मीडिया मार्केटिंग, डिजिटल विज्ञापन रणनीतियां तथा ए.आई. आधारित बिजनेस फोरकास्टिंग जैसे आधुनिक विषयों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम की मुख्य संसाधन व्यक्ति एम.एस.एम.ई. की सहायक निदेशक मीनू धीमान रहीं, जिन्होंने विद्यार्थियों को विभिन्न एम.एस.एम.ई. योजनाओं और डिजिटल उद्यमिता के अवसरों से परिचित कराया।

सैंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ हरियाणा के कम्प्यूटर साइंस विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार ने आधारित बिजनेस फोरकास्टिंग और डिजिटल डेटा एनालिटिक्स पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। जी.एम.एन. कॉलेज की सहायक प्राध्यापक कमलप्रीत कौर, डॉ. भारती सुजान, डॉ. दिशा, डॉ. शुभम और प्रो. महिमा ने कार्यक्रम के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके अतिरिक्त शिव कुमार, डॉ. आशीष एवं मोहित ने विद्यार्थियों को औद्योगिक अनुभव और नवीनतम डिजिटल उपकरणों से परिचित कराया।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने सभी विशेषज्ञों, समन्वयकों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों को आधुनिक रोजगार बाजार की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करते हैं और उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम का समापन प्रमाण पत्र वितरण एवं प्रतिभागियों के अनुभव साझा करने के साथ हुआ।